प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 अगस्त 2025

**भारतीय रुपये (आईएनआर) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निपटान -**
**विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) खोलने की संशोधित प्रक्रिया**

दिनांक 11 जुलाई 2022 के ए.पी. (डीआईआर शृंखला) परिपत्र संख्या 10 के अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के चालान, भुगतान और निपटान हेतु एक अतिरिक्त व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के अंतर्गत, प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को सीमा-पारीय व्यापार संबंधी लेनदेन के निपटान हेतु रिज़र्व बैंक की पूर्व स्वीकृति से, प्रतिनिधि बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोलने की अनुमति है।

एसआरवीए खोलने की प्रक्रिया की समीक्षा के आधार पर, एसआरवीए खोलने के लिए आरबीआई की अनुमति लेने की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। अब प्राधिकृत बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क किए बिना, प्रतिनिधि बैंकों के एसआरवीए खोल सकते हैं। प्रक्रिया में उपरोक्त परिवर्तन से एसआरवीए खोलने की प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/839**